# भारत की राष्ट्रपति
# श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
# का
# उत्तर मैसडोनिया यात्रा के दौरान प्रेस वक्तव्य

**स्कोप्ये: 21 जुलाई 2026**

इस सुंदर देश की यात्रा करके मुझे बेहद खुशी हो रही है। इस यात्रा के दौरान मुझे और मेरे प्रतिनि धमंडल को दिए गए स्वागत और आतिथ्य के  लए मैं हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करती हूं।

हमारे diplomatic relations की स्थापना के बाद से यह  कसी भारतीय राष्ट्रपति की North Macedonia की पहली राजकीय यात्रा है। मुझे  वश्वास है  क यह यात्रा हमारे द् वपक्षीय संबंधों में नए अध्याय की शुरुआत करेगी।

आज सुबह, मेरी महामहिम राष्ट्रपति जी के साथ एक बेहद सार्थक बैठक हुई, जिसके बाद delegation level की वार्ता हुई। हमने द् वपक्षीय सहयोग के संपूर्ण आयामों पर चर्चा की, और साथ ही आपसी हित के क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी  वचारों का आदान-प्रदान  कया। हमने साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और पारस्परिक सम्मान पर आधारित भारत और North Macedonia के बीच घनिष्ठ एवं मैत्रीपूर्ण संबंधों की पुनः पुष्टि की।

आ र्थक सहयोग हमारे द् वपक्षीय संबंधों का एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है। हम व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने तथा अपने businesses के बीच घनिष्ठ सहयोग को प्रोत्साहित करने पर सहमत हुए। हम अपने द् वपक्षीय

व्यापार को दोगुना करने पर भी सहमत हुए। हमने IT, कृ ष, food processing, pharmaceuticals, textiles तथा tourism, hospitality और film-making सहित प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। आज आयोजित हो रहा India-North Macedonia Business Forum इन वषयों के लए एक अच्छा platform प्रदान करेगा।

हम स्वास्थ्य सेवा में सहयोग पर अपने द्वपक्षीय agreement का भी renewal कर रहे हैं। हम स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में, वशेष रूप से पारंपरिक चकत्सा प्रणा लयों को बढ़ावा देने हेतु, सहयोग मजबूत करने पर भी सहमत हुए।

सांस्कृतिक और people to people contacts हमेशा से हमारे रिश्तों के मजबूत स्तंभ रहे हैं। Creative industries के क्षेत्र में सहयोग सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

भारत ने sustainable development को बढ़ावा देने के लए कई अंतर्राष्ट्रीय पहल शुरू की हैं। इनमें International Solar Alliance (ISA), Coalition for Disaster Resilient Infrastructure (CDRI), और Global Biofuels Alliance (GBA) शा मल हैं। मैं इन संगठनों में शा मल होने की North Macedonia की मंशा का स्वागत करती हूं। इससे North Macedonia को green energy और disaster resilience को बढ़ावा देने के लए global best practices और तकनीकी वशेषज्ञता का लाभ उठाने में मदद मलेगी। मैं इस अवसर पर North Macedonia के लए ITEC training सीटों की संख्या दोगुनी करने के हमारे निर्णय की घोषणा करना चाहूंगी, जिसमें AI के training courses भी शा मल होंगे।

इस यात्रा के दौरान, मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के साथ मलकर स्कोप्ये Museum में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का अनावरण भी करूँगी। यह भारत की जनता की ओर से North Macedonia की जनता के लए एक वशेष उपहार है, और हमारे दोनों देशों को एकजुट करने वाले साझा मूल्यों और सद्धांतों का प्रतीक है।

मैं एक बार फर North Macedonia की महामहिम राष्ट्रपति जी को उनके उदार आतिथ्य और स्वागत के लए अपना हार्दिक धन्यवाद देती हूं। मुझे वश्वास है क मेरी यह यात्रा भारत और North Macedonia के बीच बहुआयामी साझेदारी को और सु ढ़ करेगी और आने वाले वर्षों में इसे नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

धन्यवाद।